सत्यमेव जयते

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA,
विकास आयुक्त का कार्यालय / OFFICE OF THE DEVELOPMENT COMMISSIONER,
सीप्ज़ – विशेष आर्थिक क्षेत्र, SEEPZ SPECIAL ECONOMIC ZONE
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय / MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY,
अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 096 / ANDHERI (EAST), MUMBAI - 400 096.
टेली/Tel: 022 28294756
E-mail: dcseepz-mah@nic.in Web site: www.seepz.gov.org

सं.एसईसीयु/11032/1/2022-सिक्युरिटी सेक्शन/00584 दिनांक:24.01.2025

परिपत्र सं. 03

विषयः- 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन।

26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस कार्यालय में प्रातः 09.15 बजे ध्वजारोहण समारोह कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।। सीमा शुल्क विभाग के इस कार्यालय से संबध्द सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का उनके विभागीय यूनीफॉर्म में श्री. अक्षय शेखावत प्राधिकृत अधिकारी जो इस ग्रुप के प्रभारी होगें, के नेतृत्व में ध्वजास्थल पर प्रातः 8.30 बजे एवं सभी सुरक्षा रक्षकों के लिए ध्वजारोहण स्थल पर प्रातः 07.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। विकास आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं संबध्द कर्मियों की उपस्थिति परेड ग्राउंड में प्रातः 08.30 बजे सादर प्रार्थनीय है।

ध्वजारोहण समारोह के कार्यक्रम का ब्यौरा इस प्रकार है:-

01. मा. उप विकास आयुक्त प्रातः 9.12 बजे माननीय विकास आयुक्त के कक्ष में जाकर उनसे ध्वजारोहण करने के लिए, प्रस्थान करने का अनुरोध करेंगे ।
02. सुरक्षा अधिकारी श्री विजय नरे सर्विस सेंटर बिल्डिंग की सीढ़ी पर प्रातः 9.14 बजे माननीय विकास आयुक्त का स्वागत करने के लिए उपस्थित रहेंगे तथा अगवानी करके उन्हें सम्मानपूर्वक सलामी स्थल तक ले जाएंगे।
03. माननीय विकास आयुक्त को सर्विस सेंटर बिल्डिंग से सादर पूर्वक श्री विजय नरे जैसे ही परेड स्थल की ओर लेकर चलना प्रारंभ करेंगे, त्योंही परेड कमांडर श्री सुरेश इंदुलकर परेड को सावधान की स्थिति में होने का आदेश देंगे तथा इसके पश्चात मा. विकास आयुक्त परेड का निरीक्षण करेंगे।
04. फ्लैग पोस्ट के निकट खड़े प्रमुख सुरक्षा रक्षक श्री राजेंद्र सिंह ध्वज की डोर माननीय विकास आयुक्त के हाथों में सौंपेंगे ।
05. माननीय विकास आयुक्त प्रातः 9.15 बजे झंडा फहराएंगे तथा प्रमुख सुरक्षा रक्षक श्री राजेंद्र सिंह डोरी का दूसरा सिरा पकडे रहेंगे तथा माननीय विकास आयुक्त राष्ट्रीय ध्वज की तरफ देखते हुए एक कदम पीछे आकर राष्ट्रगान के समाप्त होने तक राष्ट्रीय ध्वज

को सलामी देंगे।

06. परेड कमांडर "सलामी दो" का आदेश देंगे तथा उसके साथ राष्ट्रगान प्रारंभ होगा।

07. ठीक इसी समय अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी उपस्थित नागरिक राष्ट्र ध्वज को तब तक सलामी देंगे/सावधान मुद्रा में होगें जब तक कि राष्ट्रगान का अंतिम शब्द समाप्त नहीं हो जाता तथा इसके पश्चात वे अपने हाथ नीचे कर लेंगे।

ध्वजारोहण के बाद सभी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भारत रत्न (MEGA CFC) हॉल, सीप्ज-सेज में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यालय से संबध्द लोगों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करे।

24/01/2025

(जी. एस. भंडारी)
सहायक विकास आयुक्त/सुरक्षा
सीप्ज-सेज

प्रतिः,

सभी अधिकारी/कर्मचारी गण